WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

दैनिक
# मेरठ दर्पण

वर्षः 06 अंक 69 मेरठ, मंगलवार 21 सितम्बर, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का......

दैनिक मेरठ दर्पण हिंदी समाचार पत्र में अपने प्रतिष्ठान का करे प्रचार प्रसार



नवरात्रि, दशहरा, दीपावली का शुभकामना संदेश मात्र 2100 रूपये में

केवल नवरात्रि के लिए पूरे 9 दिन मात्रः 1100 रूपये में

संपर्क सूत्रः- 9897419837

# मेरठ में भाजपा विधायकों ने गिनवाई साढ़े चार साल की उपलब्धियां




भाजपा शहर विधानसभा की पत्रकार वार्ता

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के साढे चार साल पूर्ण होने पर दिल्ली रोड स्थित एक होटल में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होने कानून व्यवस्था पर बोलेते हुए कहा कि योगी सरकार के कार्यकाल में 2016 की तुलना में डकैती में लगभग 68 प्रतिशत की कमी, लूट में 66 प्रतिशत की कमी, हत्या 24 प्रतिशत कमी, बलवा 28 प्रतिशत कमी, सामान्य अपराध 51 प्रतिशत कमी,दुष्कर्म के मामलों में 33 प्रतिशत की कमी। बढती महंगाई पर डा.लक्ष्मीकांत ने कहा कि महंगाई को लेकर किए गए प्रश्न पर उन्होंने कहा कि बेशक महंगाई बढ़ी है लेकिन पेट्रोल व डीजल की कीमत बढ़ाने या कम करने को लेकर तेल कंपनियां स्वतंत्र हैं। उन्होने कहा कि कहा कि सरकार जरूरतमंदों की मदद के लिए हर तरह साथ खड़ी है। इस अवसर पर प्रेस वार्ता में दर्जा प्राप्त मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, विधानसभा प्रभारी सुमन त्यागी, पूर्व महापौर सुशील गुर्जर, वीनस शर्मा, अरविन्द मारवाडी, पंकज गोयल, कुलदीप, आदि मौजूद रहे।



कैन्ट विधानसभा की पत्रकार वार्ता

## प्रदेश की योगी सरकार, आम जनता की सरकारः सत्यप्रकाश अग्रवाल

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के साढ़े चार वर्ष होने के उपलक्ष्य में सोमवार को भाजपा विधायकों ने प्रेस वार्ता कर सरकार के साथ-साथ अपनी साढे चार साल की उपलब्धियों की जानकारी दी। कैंट विधायक सत्यप्रकाश अग्रवाल ने लालकुर्ती स्थित एसजीएस गार्डन में प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। इस दौरान सत्यप्रकाश ने कहा कि उन्होने अपनी वि0सभा में खडौली में शुद्ध पेयजल के लिये पाईप लाईन बिछ्वाई, पल्हैडा में पीएचसी की स्थापना, कंकरखेडा में 50 बैड वाली सीएचसी निर्माणाधीन, छावनी हास्पिटल में आक्सीजन प्लांट का निर्माण, खडौली व लखवाया में बिजलीघर का निर्माण, बाजारों में सोलर लाईट व हाईमास्ट लाईट लगवाना, स्टेडियम में शूटिंग रेंज का निर्माण, शहीद स्मारक में अमर जवान ज्योती का प्रज्वलन, पुलिस लाईन में पुलिसकर्मियों के लिये बहुमंजिला आवास निर्माण, नाला सफाई का कार्य जो दशकों बाद हुई आदि के साथ विभिन्न सडकों व नाले तथा नालियों का निर्माण कराया गया।



दक्षिण विधानसभा की पत्रकार वार्ता

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार को साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को होटल ओलिविया में मेरठ दक्षिण विधायक डा0 सोमेन्द्र तोमर ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता के दौरान विधायक डा0 सोमेन्द्र तोमर ने प्रदेश सरकार के साथ-साथ मेरठ दक्षिण विधानसभा में साढ़े चार साल में हुए कार्यो का ब्योरा दिया। इस दौरान दक्षिण विधानसभा प्रभारी संजय अग्रवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंघल, महानगर महामंत्री अरविन्द्र गुप्ता मारवाड़ी, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष बिजेन्द्र अग्रवाल, कमलदत्त शर्मा, शिप्रा रस्तौगी, अन्जु वारियर, भाजयुमों महानगर अध्यक्ष अंकुर कुशवाह, महानगर उपाध्यक्ष डा0 वकुल रस्तौगी, सुनील चढ़्ढा, महानगर महामंत्री राजकुमार सोनकर, सीमा श्रीवास्तव, ममता मित्तल, प्रवीण अरोड़ा, आशीष अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष रामकुमार चौबे, प्रदीप कपूर, मनीष प्रजापति, दीपक वर्मा, रूप किशोर शर्मा, प्रमोद दीक्षित आदि मौजूद रहें।

# पांच दिनो से लगातार चल रहा है धरना अब सभी जोनल मुख्यालय पर प्रदर्शन

ललित शर्मा

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियन्ता संघ के मेंबर्स द्वारा प्रबंध निदेशक के साथ एक मीटिंग नोएडा के तीन अधिशाषी अभियंता व आठ सहायक अभियंताओं का रातो रात बिना जांच करें व बिना अभियंताओं का पक्ष सुने प्रशासनिक आधार पर उत्पीड़न की मंशा से स्थानांतरण पूर्वांचल कर दिया गया के संबंध में रखी गयी। जिसमे अभियंताओं ने प्रबंध निदेशक के सामने अपना पक्ष रखा तथा मांग रखी कि एक जांच कमिटी मेरठ मुख्यालय से गठित की जाए, जिसकी जांच जब तक पूर्ण नही होती तब तक उन ग्यारह अभियंताओं को मुख्यालय पर ही सम्बद्ध कर दिया जाए। जिस पर प्रबंध निदेशक द्वारा कोई सकारात्मक रवैया नही दिखाया गया व बातचीत करने आये अभियंताओं का अपमान कर के उन्हें अपने कार्यालय जाकर कार्य करने हेतु कहा।



गौरतलब है 13 की रात को नोयडा के ग्रेटर नोएडा व जेवर खंड में पिछले 2 वर्ष में तैनात रहे सभी अभियंताओ का स्थानांतरण बिना उनका पक्ष जाने एक तरफा कार्यवाही करते हेतु डिस्कोम से बाहर कर दिया गया। जिसमे तो कुछ अभियंता ऐसे है जो उस दौरान उस कार्यालय में तैनात भी नही अथवा बहुत अल्पकाल के लिए तैनात थे। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियन्ता संघ के उपाध्यक्ष कपिल तेवतिया ने बताया कि उपरोक्त प्रकरण में अभियंताओ की समस्या रखने हेतु प्रबन्धन से वार्ता की गई जिसमें की प्रबन्धन का रवैया उदासीन एवम निंदनीय रहा। प्रबन्धन के इस रवैये से आक्रोशित अभियंताओ ने निर्णय लिया है कि जब तक अभियंताओ को न्याय नही मिलेगा पूरे डिस्कोम के अभियन्ता प्रबन्ध निदेशक कार्यालय पर अनवरत धरना देंगे इसी कडी में मेरठ मुख्यलाय पर चार दिन चले जोरदार धरना प्रदर्शन के बाद अभियन्ता संघ द्वारा निर्णय लिया गया कि दिनांक 20 से 25 तक क्षेत्र स्तर पर धरना प्रदर्शन कर प्रबंधन का ध्यानाकर्षण किया जायेगा।

# मुक्त विश्वविद्यालय की प्रवेश तिथि बढ़ाकर 10 अक्टूबर कि गई



**मेरठ दर्पण-बागपत।** उत्तर प्रदेश राजर्षी टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के जुलाई 2021-22 सत्र के प्रवेश के लिए सभी जागरूकता कार्यक्रम, डिप्लोमा कार्यक्रम, पी जी डिप्लोमा कार्यक्रम, स्नातक एवम परास्नातक में प्रवेश की तिथि 10 अक्टूबर कर दी गई है। मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय की क्षेत्रिय समन्वयक डा पूनम गर्ग ने बताया की प्रवेश प्रभारी डा ज्ञान प्रकाश यादव जी के द्वारा जानकारी दी गई है की विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों की मांग पर प्रवेश की तिथि एक बार फिर बढ़ाकर 10 अक्टूबर कर दी गई है। उन्होंने बताया की इच्छुक विद्यार्थी अपनी फीस विश्वविद्यालय की साइट पर अश्वनलाइन जमा करते हुए अपने प्रवेश सुनिश्चित कर सकते है।तिथि विस्तारण को देखते हुए अध्ययन केंद्र मां अंबा बालिका डिग्री कश्वलेज ग्वालीखेड़ा बागपत के प्राचार्य डा राजीव गुप्ता ने खुशी जताते हुए कुलपति का धन्यवाद देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा तिथि विस्तरण का निर्णय छात्रों के हित में है इससे और भी विद्यार्थियों को प्रवेश लेने का अवसर मिलेगा, उन्होंने कहा की काफी परास्नातक में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी अपने दूसरे विश्वविद्यालयों से परीक्षा परिणाम अभी तक घोषित ना हो पाने के कारण प्रवेश लेने से वंचित रह सकते थे, वो सब अब प्रवेश ले सकते है ये छात्रों के हित में बहुत बड़ा निर्णय है।

## सिवाया टोल पर किया प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सिवाया टोल पर प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी पूर्व आईएएस अरविंद शर्मा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अमरदीप रहे जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा मनिंदर विहान भराला व गौरव चौहान के नेतृत्व में गणेश जी की मूर्ति भेंट की गई इस दौरान साथ रहे, रवि पूनिया ,अमित बालियान , रोबिन प्रताप , प्रशांत शर्मा, रविंद्र चेयरमैन , सूरज अहलावत ,सुरेंद्र चेयरमैन ,नवीन शर्मा चेयरमैन, मुदित शर्मा, भरत दौराला, डश्वक्टर आकाश बडकली , प्रदुमन जैन, राहुल चौहान, बाल किशोर, प्रधान आदित्य शर्मा, अमित गुप्ता आदि लोग ने स्वागत किया।

# पायल माहेश्वरी को वैश्य गौरव सम्मान से किया गया सम्मानित

**मेरठ दर्पण-बागपत।** बड़ौत नेहरू रोड पर समाजसेवी एवम रालोद नेता डा योगेश जिंदल के निवास स्थान पर आयोजित सम्मान समरोह में समाज के गणमान्य व्यक्तियों एवम महिलाओं ने पायल माहेश्वरी पगड़ी पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर वैश्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर रालोद की प्रदेश महासचिव पायल माहेश्वरी ने कहा की वैश्य समाज को भी राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते हुए आगे आना चाहिए, अच्छे लोगो की समाज और राजनीति में दोनो जगह जरूरत होती है। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डा राजीव गुप्ता ने कहा की वैश्य समाज संख्या बल के साथ साथ किसी भी क्षेत्र में पीछे नही है।सभी संगठनों को वैश्य समाज के लिए अधिक से अधिक अवसर देने चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी और रालोद नेता डा योगेश जिंदल ने कहा की



समाज एवम राजनीति को पायल माहेश्वरी जैसी ईमानदार, कुशल और ऊर्जावान राजनेता की हमेशा जरूरत है। इस अवसर पर वरिष्ठ वैश्य व्यापारी नेता अमित अग्रवाल ने कहा की वैश्य समाज जाग चुका है अब राजनीति में अधिक से अधिक भागीदारी वैश्य समाज करेगा । इस अवसर पर समिति महामंत्री अमित माहेश्वरी ने भी पायल माहेश्वरी के कराए गए कार्यो का बखान किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता अग्रवाल महासंघ के संरक्षक मनोज गोयल ने की और संचालन समिति डा योगेश जिंदल ने किया। इस अवसर पर अग्रवाल महासंघ के उपाध्यक्ष सुरेंद्र मित्तल, बिट्टू गर्ग, राममोहन गुप्ता, प्रदीप गुप्ता पेंट वाले, राजू गुप्ता, सरिता जिंदल, नेहा गोयल, शिक्षक नेता सचिन गुप्ता, व्यापारी नेता भूपेश बब्बर, व्यापारी नेता अनुराग जैन, नितिन गुप्ता, विवेक गुप्ता, रोबिन गोयल, अंकुर जिंदल आदि भी उपस्थित रहे।

दैनिक:- मेरठ दर्पण

मेरठ, मंगलवार
21 सितम्बर, 2021



मेरठ-कंकर खेड़ा शारदा फार्म में शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा आज निकाली गई कलश यात्रा। इस दौरान पण्डित महेश मिश्रा जी,सुमेंदर सिंह, भूपेंद्र सिंह, विभु, शेखर, किरनपाल सिंह, अतुल आदि मौजूद रहे।

## 22 सितम्बर को राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्या सर्किट हाऊस में करेंगी महिला जनसुनवाई

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कन्नौजिया ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली भारत सरकार की सदस्या चन्द्रमुखी देवी महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीडित महिलाओ को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक आवेदिकाओं की सुगमता की ष्टि से सर्किट हाऊस मेरठ में दिनांक 22 सितम्बर 2021 को प्रात: 10.30 बजे से महिला जनसुनवाईध्समीक्षा बैठक करेंगी।

## भारतीय गर्ल्स इन्टर कॉलिज में हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि आज भारतीय गर्ल्स इन्टर कॉलिज आबूलेन मेरठ कैन्ट में डिमेन्शिया वीक के उपलक्ष्य में डीएमएचपी टीम द्वारा अल्जाइमर्स टापइ डिमेन्शिया विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इस बिमारी से सम्बन्धित कारण लक्षण एवं उपचार से सम्बन्धित विषय पर जागरूकता की गयी। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने मानसिक एवं व्यवहारिक समस्याओं से सम्बन्धित प्रश्न पूछे। मनोचिकित्सक डा0 कमलेन्द्र किशोर ने बीमारी से सम्बन्धित उपचार के प्रत्येक पहलू पर रोशनी डाली। क्लीनिक साइक्लोजिस्ट डा0 विभा नागर ने रोग से सम्बन्धित मनोवैज्ञानिक पहलू एवं प्रबन्धक के विषय में जानकारी दी। साइक्याट्रिक सोशल वर्कर द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं अल्जाइमर्स रोग के प्रति जागरूकता प्रदान की। प्रधानाचार्य डा0 अर्जंलि प्रकाश ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन विद्यालय नोडल मीनाक्षी सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अन्त में जागरूकता सामग्री एवं जलपान का वितरण किया गया। इस अवसर पर मनोचिकित्सक डा0 कमलेन्द्र किशोर, क्लीनिक साइक्लोजिस्ट डा0 विभा नागर, साइक्याट्रिक सोशल वर्कर, प्रधानाचार्य डा0 अर्जंलि प्रकाश, शिक्षिकाएं एवं छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

## दलित समाज ने किया सपा नेता किशोर वाल्मीकि का स्वागत



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** आज हस्तिनापुर विधानसभा के ग्राम नारंगपुर व फिटकरी में दलित समाज के लोगों ने सपा नेता किशोर वाल्मीकि का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया नारंगपुर में तेजपाल जाटव व फिटकरी मे जगवीर मास्टर के आवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता बाबा सुखराम ने की संचालन सपा नेता नरवैर सिंह खालसा ने किया मीटिंग में दलित समाज के गणमान्य लोगों ने सपा नेता किशोर वाल्मीकि का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया इस मौके पर अमरजीत व जगवीर मास्टर ने कहा कि किशोर वाल्मीकि एक साफ स्वच्छ छवि के आदमी हैं व हमारे क्षेत्रीय है और हमारे पड़ोसी है हम इनके साथ है इस मौके पर सपा नेता किशोर वाल्मीकि ने कहा कि मैं दिन रात आपकी सेवा में लगा रहूंगा आने वाला समय समाजवादियों का है सभी ग्रामवासियों से समाजवादी पार्टी को वोट देने की अपील की ओर बीजेपी को उत्तर प्रदेश से उखाड़ ने का आह्वान किया इस मौके पर सपा नेता नरवैर सिंह बिट्टू वाल्मीकि अमरजीत जाटव मनोज जाटव तेजपाल सिंह बरन सिंह आशीष जाटव निखिल चौधरी आदि मौजूद रहे।

## दशमेश स्कूल में लगा कोविड-19 वैक्सिनेशन शिविर ,165 ने लगवाई वैक्सीन

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा, ककंर खेड़ा के तत्वावधान मे दशमेश स्कूल कंकर खेड़ा मे आज वैक्सीन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 165- लोगो ने कोवीशिल्ड वैक्सीन की पहली एंव दूसरी डोज लगवाई। शिविर मे वैक्सीन लगवाने वालो के बैठने एंव पानी की सुचारु व्यवस्था की गई थी। बुजुर्गो का विशेष ध्यान रखा गया वैक्सीन शिविर का व्यापक प्रचार होने की वजय से ही बड़ी संख्या मे 18- साल से ऊपर एंव बड़े बुजुर्गो ने वैक्सीन लगवाई! उक्त अवसर पर उपस्थित जन को सम्बोधित करते हुए गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा ,ककंर खेड़ा के प्रधान मनजीत सिंह कोछड़ ने कहा कोरोना वायरस अभी वातावरण मे मौजूद है। वैक्सीन लगवाना सबके लिए जरूरी है लापरवाही हम सब के लिए तकलीफदेह हो सकती है। सावधानी मे ही हमारा बचाव है! सब को वैक्सीन जरूर-जरूर लगवा लेनी चाहिए। सोशल



डिस्टेंस का पालन करते हुए मास्क लगाकर ही बाहर निकलना चाहिए। हम स्वस्थ्य रह कर अपने कार्य एंव समाज की सेवा कर सकते है!इसीलिए अपना एंव अपनो का ख्याल रखना हमारा दायित्व है। शिविर की समाप्ती पर गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने स्वास्थ्य विभाग-मेरठ की तरफ आई डा- रंजना शर्मा, डा- गौरव कुमार एंव अंजू रानी का सरोपा भेट कर सम्मानित कर धन्यवाद कीया। एव दशमेश स्कूल कंकर खेड़ा की प्रधानाचार्य जगविन्दर कौर एंव सुषमा आनन्द का सहयोग के लिए आभार जताया। आज वैक्सीन शिविर मे मुख्य रूप से गुरबचन सिह ढिल्लो,हरप्रीत सिह सलूजा,धीर सिह, अजीत सिंह, हरिनदर कौर ,परमिंदर सिह,हरजीत सिंह ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## व्यापारियों ने नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** प्रवीण सैनी लावड़-चोरी एवं अन्य अपराधिक गतिविधियों को रोकने में सीसीटीवी कैमरे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। किंतु कस्बा लावड़ नगर पंचायत द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरे फिलहाल बंद है जिससे नगर में चोरियां अचानक बढ़ गई है। कैमरे बंद होने के कारण चोरों के भी हौसले बुलंद है। इसी क्रम में सोमवार को कस्बे के व्यापारियों ने नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सुधीर कुमार को ज्ञापन सौंपा जिसमें उन्होंने सीसीटीवी कैमरो को दुरुस्त करा कर शीघ्र प्रारंभ कराए जाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में कस्बे के दो व्यापारियों के यहां चोरी की घटना हुई थी। घटना की जांच करने के लिए जब नगर पंचायत द्वारा लगाए गए कैमरों की सीसीटीवी फुटेज लेनी चाही तो कैमरे ही बंद मिले। जिससे व्यापारियों में काफी रोष उत्पन्न हुआ। व्यापार संघ अध्यक्ष



गौरव गुप्ता ने कहा कि कस्बे में नगर पंचायत द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरे अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए व्यापारियों की सुरक्षा वह किसी घटना का खुलासा करने के लिए सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त होने चाहिए। जिससे व्यापारी भयमुक्त माहौल में बेहतर ढंग से व्यापार कर सके। साथ ही व्यापारियों ने कस्बे की अन्य समस्याओं से भी अधिशासी अधिकारी को अवगत कराया ।जिसमें नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सुधीर कुमार ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही कस्बे के खराब पड़े सीसीटीवी कैमरे को दुरुस्त कर शुरू किया जाएगा । वह कस्बे की अन्य समस्याओं का भी शीघ्र ही समाधान किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने में व्यापार संघ अध्यक्ष गौरव गुप्ता, व्यापार संघ महामंत्री नायाब रिजवी, नामित सभासद चंद्रकांत शर्मा, नामित सभासद रामानंद विल्टोरिया, अरुण गुप्ता, अमित सैनी, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## शोभित विश्वविद्यालय मेरठ में फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के शिक्षकों के लिए फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिस के मुख्य वक्ता एनआईटी पटना के पूर्व निदेशक प्रो अशोक डे रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डश्व अजय राणा द्वारा मुख्य अतिथि प्रो अशोक डे को साल एवं रुद्राक्ष का पौधा भेंट कर स्वागत किया। प्रो अशोक डे एक अनुभवी निदेशक, ई-लर्निंग, रणनीतिक योजना, व्याख्यान, संगठनात्मक विकास और शैक्षिक प्रौद्योगिकी में एक बड़ा मुकाम रखते हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए प्रो डे ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि अगर आपको शिक्षा के क्षेत्र में रहना है तो आपको रिसर्चध पब्लिकेशन और पेटेंट पर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने गुणवत्ता वाली रिसर्च करने पर बल दिया। उन्होंने शिक्षकों को कहा कि अगर आप अपने कार्य को अच्छे जर्नल में प्रकाशित करेंगे तभी आपके कार्य को बड़े स्तर पर पहचान मिलेगी। उन्होंने सभी शिक्षकों को एनआईआरएफ



रैंकिंग के हिसाब से अपने आप को डिवेलप करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षक को कम से कम अपने दो रिसर्च पेपर एससीआई जर्नल्स में प्रकाशित करने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डश्व अजय राणा ने शिक्षकों को फेस टू फेस लर्निंग, एजुकेशन अश्वन डिमांड एवं एकेडमिक इंडस्ट्री एक्सपीरियंस लर्निंग का मश्वडल बारीकी से समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार शोभित विश्वविद्यालय रिसर्च, पब्लिकेशन एवं पेटेंट के क्षेत्र में कार्य कर रहा है निश्चित रूप से आने वाले समय में नेक एवं एनआईआरएफ रैंकिंग में देश के प्रमुख संस्थानों में से एक होगा। उन्होंने शोभित विश्वविद्यालय के शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए नए अनुसंधान पर जोर दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डीन रिसर्च प्रो डश्व ए पी गर्ग ने गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान आइक्यूएसी के निदेशक प्रो डश्व विपिन त्यागी द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा अनुसंधान में किए गए कार्यो के बारे में बताया गया। फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के दौरान सभी विभागों के शिक्षक एवं विभागाध्यक्ष मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# किसानों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बड़ा हितेषी ना कोई है, ना होगाः एमएलसी ए के शर्मा




**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष व सदस्य विधान परिषद ए के शर्मा के मुजफ्फरनगर प्रथम आगमन पर जगह-जगह भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। एमएलसी ए के शर्मा पूर्व आईएएस अधिकारी गुजरात में माननीय नरेंद्र मोदी के सचिव अतिरिक्तः संयुक्त कमिश्नर एवं भारत सरकार में भी महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। मुजफ्फरनगर के वृंदावन गार्डन में त्यागी समाज के लोगों ने एकजुट होकर एमएलसी एके शर्मा का भव्य स्वागत किया एवं फरसा भी भेंट किया। एमएलसी एके शर्मा ने इस अवसर पर सभी का अभिवादन स्वीकार किया। अपने संबोधन में एमएलसी एके शर्मा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ज्यादा हितेषी किसानों का इस देश में ना कोई नेता हुआ है, ना होगा। सभी राजनीतिक दलों द्वारा ब्राह्मणों को रिझाने पर बोलते हुए एमएलसी एके शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण बहुत प्रबुद्ध वर्ग है, वह अपना निर्णय स्वयं लेगा। वृंदावन गार्डन में कार्यक्रम का संचालन अविनाश त्यागी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वेद मंत्रों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## जनपद मुजफ्फरनगर विधानसभा मे कराये गये कार्य 4.5 वर्ष की उपलब्धियाँ पर कपिल देव अग्रवाल नगर विधायक एंव राज्यमंत्री स्वंतत्र प्रभार उप्र ने की प्रेस वार्ता




**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष व सदस्य विधान परिषद ए के शर्मा के मुजफ्फरनगर प्रथम आगमन पर जगह-जगह भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। एमएलसी ए के शर्मा पूर्व आईएएस अधिकारी गुजरात में माननीय नरेंद्र मोदी के सचिव अतिरिक्तः संयुक्त कमिश्नर एवं भारत सरकार में भी महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। मुजफ्फरनगर के वृंदावन गार्डन में त्यागी समाज के लोगों ने एकजुट होकर एमएलसी एके शर्मा का भव्य स्वागत किया एवं फरसा भी भेंट किया। एमएलसी एके शर्मा ने इस अवसर पर सभी का अभिवादन स्वीकार किया। अपने संबोधन में एमएलसी एके शर्मा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ज्यादा हितेषी किसानों का इस देश में ना कोई नेता हुआ है, ना होगा। सभी राजनीतिक दलों द्वारा ब्राह्मणों को रिझाने पर बोलते हुए एमएलसी एके शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण बहुत प्रबुद्ध वर्ग है, वह अपना निर्णय स्वयं लेगा।। वृंदावन गार्डन में कार्यक्रम का संचालन अविनाश त्यागी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वेद मंत्रों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

# भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत



**विपुल जैन बागपत।** नगर के श्री जैन इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें चिकित्सा अधिकारी डॉ रामकुमार शर्मा द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 84 बच्चों के हीमोग्लोबिन की जांच कराई गई। अधिकांश बच्चों का हीमोग्लोबिन 10 से 13 के बीच पाया गया। इस दौरान किशोर स्वास्थ्य मंच के तहत एक भाषण प्रतियोगिता भी कराई गई, जिसमें राधिका कक्षा 9 को प्रथम पुरस्कार, स्वाति कक्षा 11 को द्वितीय पुरस्कार तथा सादिया कक्षा 9 को तृतीय पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में डॉ रामकुमार शर्मा, डॉ आशु बंसल, डॉ अनुज, डॉ बुशरा, बबीता रानी,आशु चौहान, धर्मेंद्र लैब टेक्नीशियन व स्कूल स्टाफ का सहयोग रहा।

# किसान, मजदूर व बेरोजगार वर्तमान सरकार की ईंट से ईंट बजाने का काम करेगाः साजिद



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ की मासिक मीटिंग सपा कार्यालय चरथावल पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ मुस्तफा व संचालन आलम त्यागी द्वारा किया गया।इस दौरान हर बूथ पर यूथ को जोड़ने और ज्यादा से ज्यादा संख्या में पिछड़े समाज को सपा से जोड़ने और पार्टी की नीतियों और पिछली सरकार में किये गए विकास कार्यो को जन जन तक पंहुचाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान बैठक को सम्बोधित करते हुए हुए साजिद कुरैशी वि अधयक्ष ने कहा कि इस सरकार में सभी वर्गो के लोग त्रस्त है।किसान मजदूर व बेरोजगार इस सरकार की ईट से ईट बजाने का काम करेगा।आने वाले 2022 के चुनाव में पिछड़ा वर्ग आशा की नजर से अखिलेश यादव की और देख रहा है और इस सरकार को वोट की चोट देकर उखाड़ फेंकने का कार्य पिछड़ा और अति पिछड़ा समाज करेगा।बैठक को सम्बोधित करते हुए आलम त्यागी और डॉक्टर मुस्तफा ने सपा सरकार के दौरान किये गए विकास कार्यो को जन जन तक पंहुचाने का आहवान कार्यकर्ताओं से किया।इस दौरान ग्राम प्रधान मुथरा वीरपाल पाल के नेतृत्व में दर्जन भर लोगो बसपा व भाजपा छोड़कर सपा की नीतियों में आस्था रखते हुए समाजवादी पार्टी ज्वाइन की गई। मौजूद रहे।

# आदेश बने भाजपा अनुसूचित मोर्चा के मंडल अध्यक्ष



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भाजपा महानगर अध्यक्ष और भाजपा अनुसूचित मोर्चा के महानगर अध्यक्ष विनय विरालिया ने आज महानगर के मंडल अध्यक्ष की घोषणा की जिसमे कंकर खेड़ा मंडल से आदेश को मंडल अध्यक्ष बनाया गया। आदेश के मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा बनने पर रणजीत सिंह,गुल्लू ठाकुर,अरुण शर्मा,सरला शर्मा,ललित आदि ने बधाई दी।

# वेंक्टेश्वरा में “स्कूल ऑफ फार्मेसी” की ओर से नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए ओरिन्टेशन प्रोग्राम "दिक्षारम्भ-2021" का शानदार शुभारंभ







**मेरठ दर्पण-मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान में सोमवार को "स्कूल ऑफ फोर्मेसी" की ओर से सत्र 2021 में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए ओरिन्टेशन प्रोग्राम "दीक्षारम्भ-2021" का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान प्रबन्धन एवं प्रशासन ने नवॉन्तुक छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हे अपने आपकों अन्तराष्ट्रीय डिमान्ड के अनुरूप तैयार करने की शपथ दिलाते हुए देश सेवा में जुडने का आवाहन किया। इस अवसर पर पुराने छात्र-छात्राओं ने शानदार सॉस् तिक कार्यक्रम आयोजित कर समारोह को यादगार बना दिया। वैक्टेश्वरा संस्थान के टैगौर भवन में आयोजित "दीक्षारम्भ-2021" कार्यक्रम का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डा0 सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा0 राजीव त्यागी कुलपति प्रो0 पी0के भारती आदि ने सरस्वती माता की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन डा0 सुधीर गिरि ने कहा कि वैक्टेश्वरा समूह पिछले एक दशक में विभिन्न क्षेत्रों में हजारों स्किल्ड प्रोफेशनल्स तैयार कर चुका है। ये बडे गौरव की बात है कि संस्थान के युवा आज देश एवं दुनिया के विभिन्न औधोगिक इकाइयों में शीर्ष पदों पर काबिज है। लेकिन बदलते परिवेश में हमें युवाओं को नयी शिक्षा नीति के अनुरूप राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय जरूरतों के हिसाब से प्रशिक्षित करना होगा ताकि ये युवा राष्ट्रीयध अन्तराष्ट्रीय मन्चों पर अपनी प्रभावी उपस्थित दर्ज कर सके। प्रतिकुलाधिपति डा0 राजीव त्यागी ने कहा कि पिछले एक दशक में भारतीय युवाओं ने विदेशों, विशेष रूप से यूरोपियन देशों में विभिन्न सैक्टर्स में शानदार तरीके से काम करके भारत का गौरव बढाने का काम किया है। हम अपने यहा प्रवेशित छात्र-छात्राओं को एक सफल एवं सुरक्षित कैरियर देने के लिए प्रतिबध है। दीक्षारम्भ कार्यक्रम को कुलपति डा0 पी0के0 भारती, कुलसचिव डा0 पीयूष पाण्डेत्र, फार्मेसी डीन डा0 उमेश कुमार एवं डा0 सुन्दर सिंह ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर परिसर निदेशक डॉ0 प्रभात श्रीवास्तव, निदेशक एडमिशन अलका सिंह, रजिस्ट्रार विकास कौशिक, मारूफ चौधरी, नेहा माहेश्वरी, ब्रजपाल सिंह, दीपक कुमार, विश्वास त्यागी एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# आशा संगिनियो को दिया गया प्रशिक्षण



**विपुल जैन**

**बागपत।** कोर एडरा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागपत में संगिनी ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें प्रशिक्षक मंजू शर्मा एवं फील्ड मॉनिटर मोनू कुमार ने 9 संगिनियो को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में एजेंडा अनुसार उन्हें विभिन्न विषयों जैसे पोलियो अपडेशन, एएफपी सर्विलांस, नियमित टीकाकरण, न्यू वैक्सीन, आशाओं के साथ सपोर्टिव सुपरविजन व उनके सभी रिकॉर्ड अपडेट कराने पर रोल प्ले व ग्रुप वर्क तथा ओपन डिस्कसन के द्वारा क्षमता वृद्धि की गई। इस दौरान सभी संगिनियों को प्रोत्साहन स्वरूप गिफ्ट भेंट कर सम्मानित किया गया।

# समाजवादी क्रांति साइकिल यात्रा की जनपद से हुई दमदार शुरुआत

मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी क्रांति साइकिल यात्रा की शुरुआत आज मुजफ्फरनगर जनपद कार्यालय से हुई। साइकिल यात्रा का शुभारंम् जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी व जिला महासचिव जिया चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर किया। जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने कहा कि मिशन 2022 को लेकर जनपद के युवा साइकिल यात्रा निकाल रहे हैं यह साइकिल यात्रा अगले 10 दिनों तक जनपद के गांव-गांव तक जाकर जनता को जागरूक करने का काम करेगी। उन्होंने बताया कि साइकिल यात्रा के संयोजक राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी रोहन त्यागी, सह संयोजक जिला कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल, अल्पसंख्यक सभा जिला अध्यक्ष डॉ नूर हसन सलमानी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हारुन व मुख्य 4 प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षों के नेतृत्व में साइकिल यात्रा चलेगी। साइकिल यात्रा के संयोजक रोहन त्यागी ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य जनपद के गांव के लोगों को जागरूक करना, युवा शक्ति को एकत्रित करना, पिछड़ा और स्वर्ण को उनके अधिकारों एवं पिछले साढे 4 वर्षो में जिस प्रकार भाजपा सरकार ने जन विरोधी कार्य किए हैं



उसको रोकने के लिए जन जागरण जरूरी है हम लोगों के घरों तक जायेंगे बूथ पर इकट्ठा होकर चौपाल करेंगे और पूर्व में समाजवादी पार्टी की सरकार ने जो कार्य किए उसको जनता तक पहुंचाने का जिम्मा इस साइकिल यात्रा के माध्यम से पूर्ण होगा । जिला कोषाध्यक्ष एवं साइकिल यात्रा के सह संयोजक सचिन अग्रवाल ने कहा कि हमें साइकिल यात्रा के माध्यम से बाजारों को जागरूक करना है जिस प्रकार भाजपा सरकार ने जनता को ठगने का काम किया है महंगाई की मार से जनता बेहाल है रसोई गैस से लेकर पेट्रोल डीजल के दाम आसमान चढ़कर बोल रहे हैं इस घमंडी सरकार को बताने का वक्त है हम सब लोगों को इकट्ठा होकर जागरूक होना होगा साइकिल यात्रा के माध्यम से हमें यही काम करना है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी मोहम्मद हारुन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ नूर हसन ने कहा कि इस सरकार ने अल्पसंख्यक समुदाय को अंतिम पंक्ति में खड़ा कर दिया है ना उनके लिए रोजगार की व्यवस्था है ना ही कोई सुरक्षा इस बार हमें इधर-उधर न लगकर केवल समाजवादी पार्टी के झंडे का बुलंद करना होगा जिससे आगामी चुनाव में समाजवादी पार्टी को बड़ी जीत हो इसीलिए साइकिल यात्रा की शुरुआत की गई है जो जनपद के गांव गांव तक जायेगी। साइकिल यात्रा का ईदगाह चौक पर पूर्व नगर अध्यक्ष अंसार आड़ती ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने साथ साइकिल रैली का स्वागत किया।

# घर से स्कूल के लिए निकले चार बच्चे हुए लापता, पुलिस ने किया बरामद



मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस ने गुम हुए चार बच्चों को मात्र दो घंटे में बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। थाना खतौली पुलिस को कंट्रोल रूम सूचना मिली कि डायल 112 पर सूचना प्राप्त हुई है कि संजय पुत्र नन्द किशोर निवासी मौहल्ला देवीदास थाना खतौली के चार बच्चे विशाल उम्र 15 वर्ष, अंशिका 11 वर्ष, किरण 8 वर्ष व शिखा 5 वर्ष घर से प्रभाकर एकेडमी जूनियर हाई स्कूल जैन नगर खतौली के लिये गये थे लेकिन स्कूल नहीं पहुंचे। सूचना प्राप्त होते ही प्रभारी निरीक्षक खतौली द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए स्वयं के साथ साथ अन्य टीमो को बच्चों की तलाश में मामूर कर लगभग दो घण्टे के अन्दर बच्चों को सकुशल बरामद कर बच्चों के पिता संजय पुत्र नन्द किशोर निवासी मौहल्ला देवीदास थाना खतौली के सुपुर्द किया गया। बच्चे के परिजनों एवं आस पास के लोगों द्वारा पुलिस की त्वरित एवं मानवीय कार्यवाही की प्रशंसा की ।

# सीपीसीबी और यूपीसीबी की टीम ने मंसूरपुर डिस्टलरी और डीएसएम शुगर मिल का किया निरीक्षण



मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के मंसूरपुर क्षेत्र में स्थित फैक्ट्रियों से प्रदूषित जल निकलने की शिकायत पर सोमवार को सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के टीम पहुंची। सीपीसीबी की टीम ने मंसूरपुर सर शादीलाल डिस्टलरी एवं डीएसएम शुगर मिल मंसूरपुर में घंटों निरीक्षण कर सैंपल लिए। सीपीसीबी की टीम के साथ मुजफ्फरनगर प्रदूषण विभाग की टीम एवं आलोक कुमार की टीम भी मौजूद रही। प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह ने बताया कि सीपीसीबी की टीम आज मंसूरपुर क्षेत्र में सर शादीलाल डिस्टलरी और डीएसएम शुगर मिल का इंस्पेक्शन करने आई थी, आसपास के गांव के लोगों ने एनजीटी में शिकायत की थी कि यहां के नालों में गंदा पानी आ रहा है, वॉटर पॉल्यूशन की भी दिक्कत है और एयर पॉल्यूशन की भी समस्या हैं, इसलिए एनजीटी ने निर्देश दिए थे कि सीपीसीबी और हमारी टीम जॉइंट निरीक्षण करें और जो प्रजेंट स्टेटस है वह एनजीटी के सामने प्रस्तुत करें, आज हम और सीपीसीबी की टीम वहां गई थी, ग्राउंड वॉटर और इंडस्ट्री के और ट्रीटमेंट फैसिलिटी के सैंपल लिए हैं, सब तथ्यों की जांच की गई है, सैंपल की जांच सीपीसीबी की टीम खुद करेगी, जो भी जांच रिपोर्ट आएगी उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी। क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह ने बताया कि पहले भी सीपीसीबी की टीम आई थी, कुछ खामियां मिली थी तो हमने लगभग 40 लाख का जुर्माना लगाया था और प्लांट की कैपेसिटी को कम कर दिया गया था, मेरी रिपोर्ट के आधार पर आधा प्लांट काफी समय से बंद है, जो नया प्लांट है उसकी भी कैपेसिटी कम कर दी गई है, अगर अब इंस्पेक्शन में ज्यादा बड़ी कमी पाई जाती है या पोलूशन लोड बढा मिलता है, तो या तो बड़ा जुर्माना लगाया जाएगा, या फिर इंडस्ट्री पर विधिक कार्यवाही की जाती है।।

# विकास के दम पर बनेगी भाजपा सरकार: ऊटवाल

**मुजफ्फरनगर ।** पुरकाजी के भाजपा विधायक प्रमोद उटवाल ने सरकार के साढ़े चार साल की जनकल्याणकारी योजनाओं और अपने द्वारा कराए गए विकास कार्यो को विस्तार से बताए विधायक ने बताया अपनी विधानसभा में उन्होंने कई करोड़ के विकास कार्य कराए ओर भाजपा सरकार 2022 में भारी बहुमत से वापसी होगी,उन्होंने कहा की विकास के दम पर जितेंगे चुनाव, गुंडागर्दी खात्मे से लोगो में भारी उत्साह। पुरकाजी विधायक प्रमोद उटवाल ने नगर पंचायत के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को बताया की उन्होंने रामपुर तिराहे पर 151 फुट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज लगवाया, पुरकाजी नगर में प्रदेश का पहला हाईटेक 23 लाख की लागत का महिला जिम बनवाया,कस्बे में रोडवेज बस डिपो 50 लाख रुपए की लागत से जीर्णोद्धार कराया, भाजपा विधायक ने बताया की उन्होंने 271 पात्र लोगो को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत धनराशि वितरित की, 11 करोड़ की लागत से रामलीला टिल्ला नियाजुपुरा मार्ग से काली नदी पर सेतु पहुच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुच मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर चल रहा है, निर्माण कराया,गांव तेजाल्हेड़ा में निमार्णाधीन राजकीय बालिका छात्रावास को अपने प्रयासों से पूर्व वित्तीय स्वीकृति दिलवाई, विधानसभा में 62 पुल,पुलिया का जीर्णोद्धार, पुनर्निर्माण कार्य कराया, कोविड 19 में 1 करोड़ 50 लाख की धनराशि कोविड की रोकथाम के लिए सम्बंधित सामग्री के लिए अपनी निधि से रकम दी, पुरकाजी, छपार थाने में 198.14 लाख की धनराशि से 48 कर्मियों के लिए हॉस्टल,बैरक,विवेचना कक्ष का निर्माण चल रहा है। सोनाली नदी जो नाले मे तब्दील हो गई थी उसका एवं क्षेत्र के लोगो से सहयोग लेकर 1 लाख 51 हजार में नदी का चौड़ीकरण कराया जिससे अबकी बार बाढ़ के पानी से काफी राहत मिली,प्रधानमंत्री ग्रामीण योजना एवं लोकनिर्माण विभाग से कावड़ यात्रा, पुरकाजी लक्सर, मार्ग, पानीपत खटीमा मार्ग,पंचेन्डा मार्ग,बसेड़ा मार्ग आदि का चौड़ीकरण सुधिकर्ण कराया,कोरोना काल मे जान गवाने वाले 32 परिवार को अपनी जेब से पांच पांच हजार रुपए दिए। भाजपा विधायक प्रमोद उटवाल ने पत्रकारों को बताया की उन्होंने पांच नए बिजलीघर बनवाये है ओर कई बिजलीघरों की क्षमता बढ़वाई है ताकि विधानसभा के लोगो को बिजली की समस्या ना पैदा हो। प्रेस वार्ता में बिनोद त्यागी, डॉक्टर जयकुमार, पुष्पेंद्र मलिक, बिजेंद्र मुखिया, धर्मेंद्र, नकुल चौधरी, राकेश आडवाणी, हिमांशु सैनी, निर्दोष जैन आदि नेता सहित ईओ मनोज यादव मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण का लाभ उठाकर पंचायतों को सशक्त बनायें प्रधान: ओम सिंह



मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** विकासखण्ड में प्रधानों के परिचयात्मक दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार को सम्पन्न हुआ। इसमें प्रधानों को क्षमता विकास के साथ पंचायतों के विकास का प्रशिक्षण दिया गया। चरथावल विकासखंड सभागार में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों का उत्साह देखने लायक रहा। शिविर के समापन कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर मास्टर ट्रेनर प्रमोद चौधरी,तौफीक अहमद,सुभाष उपाध्याय,शिजा खानम ने ग्राम प्रधानों को पंचायतों के विकास सम्बंधी जानकारी दी ।एडीओ पंचायत ओम कुमार ने कहा कि एक बेहतरीन ग्राम पंचायत विकास योजना का प्लान तैयार कर सकती हैं। साथ ही प्रधानों के पूछे प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को भी शांत किया। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का लाभ उठाकर अपनी पंचायतों को सशक्त बनाने की अपील भी की ।इस मौके पर बीडीओ तुलसीराम प्रजापति,एडीओ पंचायत ओम कुमार, राहुल कश्यप, रामवीर प्रधान, कामिल प्रधान, धर्मेन्द्र, देवभूषण, हसरत, दीपक, कुलदीप त्यागी आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों से संगठन को मजबूत करने का आह्वान

मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार को कांग्रेसियों की एक बैठक महावीर चौक स्थित कैम्प कार्यालय पर पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद त्यागी व पूर्व प्रदेश सचिव राकेश पुंडीर के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। साथ ही आह्वान किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित कराने को पार्टी कार्यकर्ता को बूथ-बूथ पर जाकर कार्य करना होगा, जिससे कांग्रेस को मजबूती प्रदान होगी। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक सोमांश प्रकाश ने की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता गांव-गांव घूमकर कांग्रेस की नीतियों के बारे में लोगों को बताये। साथ ही आगामी 29 सितम्बर को कांग्रेस द्वारा आयोजित



प्रियंका गांधी की रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। बैठक में पूर्व सांसद सईदुज्जमां, पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद त्यागी, पूर्व प्रदेश सचिव राकेश पुंडीर, इजहार अहमद, लियाकत राव, सतीश गर्ग, सलमान सईद, ममनून अंसारी, ठा. भूप सिंह, ठा. नरेश चौहान, मनीष गर्ग, मदन मोहन शर्मा, अजमत पुंडीर, साबिर पुंडीर, विनोद धीमान, हकीम शकील, मांगेराम कश्यप आदि शामिल रहे।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेड़ा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोनः 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।